


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha





## राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ०प्र० द्वारा विकसित


# उद्गम

## (उत्तर प्रदेश के शैक्षिक नवाचारों एवं अभिनव प्रयासों का संकलन)





**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ - 226007**

0522-2780385 www.scert-up.in dscertup@gmail.com SCERT UP SCERT UP

# उद्गम

**UDGAM (Unifying Development of Great Academic Minds)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में नवाचारों पर विशेष बल दिया गया है। प्रवक्ताओं एवं शिक्षकों द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों तथा विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों तथा उत्कृष्ट प्रयासों को संकलित कर सभी हितधारकों के साथ साझा करने के उद्देश्य से 'उद्गम' पोर्टल (Unifying Development of Great Academic Minds) का विकास किया गया है। यह एस.सी.ई.आर.टी., उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से शिक्षक नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने तथा कक्षा व विद्यालय की समस्याओं के समाधान हेतु किए गए नवाचार साझा कर सकेंगे, जिससे अन्य शिक्षक भी नवाचारी प्रयोगों के लिए प्रेरित होंगे।

यह पोर्टल शिक्षा जगत से जुड़े सभी हितधारकों को एक ऐसा डिजिटल मंच प्रदान करता है, जिसकी पहुँच गाँव से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक है। यहाँ शिक्षण विधियाँ, मूल्यांकन, खेलकूद, पर्यावरण, स्वास्थ्य, समावेशी व व्यावसायिक शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता एवं आई.सी.टी. जैसे क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों को एक ही स्थान पर देखा और अपनाया जा सकता है।

इसके माध्यम से शिक्षकों व प्रवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत नवाचारों को विद्यालय एवं विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार प्रयोग कर शैक्षिक समस्याओं के समाधान और गुणात्मक सुधार का मार्ग प्रशस्त होगा। यह शिक्षण-अधिगम में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ कला, खेल एवं अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देकर शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा।

उद्गम पोर्टल शिक्षकों, अभिभावकों, समुदाय एवं नीति-निर्माताओं को एक मंच पर जोड़ते हुए विद्यालयी शिक्षा में नवाचारों की पहचान, प्रसार और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतर अभिवृद्धि सुनिश्चित करेगा।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ - 226007**

0522-2780385 www.scert-up.in dscertup@gmail.com SCERT UP SCERT UP

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

## उद्गम की विशेषताएँ

- शैक्षिक गुणवत्ता हेतु शिक्षक, अभिभावक और समुदाय का मंच
- नामांकन, उपस्थिति व विद्यालयी समस्याओं का नवाचारी समाधान
- नवाचारी शिक्षकों को सम्मान एवं अन्य शिक्षकों को प्रोत्साहन
- विद्यालयी वातावरण और शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में सुधार

## उद्गम के क्षेत्र

- अकादमिक
- नेतृत्व क्षमता
- पाठ्य-सहगामी क्रियाएं
- विद्यालय प्रबंधन
- सामुदायिक सहभागिता
- अन्य नवाचारी प्रयास

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ - 226007

0522-2780385 www.scert-up.in dscertup@gmail.com SCERT UP SCERT UP

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

# उद्गम पोर्टल कैसे देखें ?

- **वेबसाइट एक्सेस:** ब्राउज़र में उद्गम पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट https://udgam.org.in/ पर जाएँ।

- **पंजीकरण:** 'साईन अप' (Sign Up) विकल्प पर जाकर अपनी पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।

- **गोपनीयता:** अपने पंजीकरण विवरण (यूज़र आईडी और पासवर्ड) को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

- **लॉग इन:** पंजीकरण के उपरांत 'साईन इन' (Sign In) विकल्प का उपयोग कर पोर्टल में प्रवेश करें।

- **प्रविष्टि जमा करना:** संबंधित नवाचार श्रेणी का चयन करें, आवश्यक विवरण दर्ज करें और अपना नवाचार (Innovation) सफलतापूर्वक सबमिट करें।

**उद्गम पोर्टल से जुड़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ - 226007

0522-2780385 www.scert-up.in dscertup@gmail.com SCERT UP SCERT UP

UDGAM
Teacher Innovations

# उद्गम पोर्टल पर अकाउंट बनाएं और अपने नवाचार अपलोड करें – सरल प्रक्रिया

सभी सम्मानित शिक्षक साथियों से विनम्र निवेदन है कि कृपया उद्गम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कर लें।

## उद्गम पोर्टल पर अकाउंट बनाने की आसान प्रक्रिया

1. अपने मोबाइल या कंप्यूटर से udgam.org.in वेबसाइट खोलें। (udgam.org.in)
2. होम पेज पर दिए गए Plus (+) बटन पर क्लिक करें और Register विकल्प चुनें। (Login / Register)
3. Signup as a Teacher पर क्लिक करें। (Register As – Signup as a Teacher)
4. अपना नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भरें और Next पर क्लिक करें। (नाम / मोबाइल नंबर / ईमेल आईडी / Next)
5. अपने स्कूल का नाम, जनपद, ब्लॉक एवं गांव की जानकारी भरें। (स्कूल का नाम / जनपद चुनें / ब्लॉक चुनें / गांव चुनें)
6. अपना Password बनाएं:
   - Password में अक्षर और नंबर दोनों होने चाहिए
   - कम से कम 6 अक्षर होना आवश्यक है
7. Password पुनः भरकर Submit पर क्लिक करें। (पासवर्ड / पासवर्ड पुनः दर्ज करें / Submit)

✔ आपका अकाउंट सफलतापूर्वक बन जाएगा। अब अपनी Login ID और Password से लॉगिन करें।

## लॉगिन के बाद नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों की अपलोड करने की प्रक्रिया

1. सफल लॉगिन के बाद पोर्टल के दाएं ऊपरी भाग में प्रदर्शित तीन क्षैतिज रेखाओं (≡) पर क्लिक करें।
2. क्लिक करने पर Dashboard खुलेगा, जिसमें View/Upload content के विकल्प दिखाई देगा। (Dashboard / Profile / View/Upload Content / My Contents / Downloads)
3. इस पर क्लिक करने के बाद दो विकल्प मिलेंगे:
   - Upload New Content
   - Uploaded Content Details
4. नया नवाचार अपलोड करने के लिए "Upload New Content" विकल्प चुनें। (Upload New Content)
5. अब प्रदर्शित फॉर्म में आवश्यक विवरण भरें: (Topic / Subtopic)
7. सभी नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों से सम्बंधित E- CONTENT अपलोड करें। (वीडियो (Video) / पीडीएफ (PDF) / पावरपॉइंट प्रस्तुति (PPT) / चित्र (Images))

★ इस प्रकार आप अपने शैक्षिक नवाचारों और उत्कृष्ट कार्यों को सफलतापूर्वक पोर्टल पर अपलोड एवं सुरक्षित कर सकते हैं।

### महत्वपूर्ण सुझाव

- सही जानकारी भरें।
- एक ही मोबाइल नंबर से एक बार ही रजिस्ट्रेशन करें।
- नवाचार मौलिक एवं शैक्षिक उपयोगी हो।
- आपत्तिजनक सामग्री अपलोड ना करें।
- समय-समय पर अपने नवाचार की स्थिति जांचें।

### अपलोड सामग्री के लिए निर्देश

| सामग्री का प्रकार | निर्देश |
| --- | --- |
| वीडियो (Video) | अवधि: 3-5 मिनट<br>फॉर्मेट: MP4<br>साफ ऑडियो और स्पष्ट स्क्रीन होना चाहिए |
| पीडीएफ (PDF) | अधिकतम आकार: 10 MB<br>साफ और पढ़ने योग्य हो |
| पावरपॉइंट (PPT) | अधिकतम आकार: 10 MB<br>5-10 स्लाइड तक प्रस्तुत |
| चित्र (Images) | फॉर्मेट: JPG / PNG<br>अधिकतम आकार: 5 MB प्रति चित्र<br>स्पष्ट और प्रासंगिक चित्र हों |

### सावधानियॉं

- गलत जानकारी देने पर अकाउंट निलंबित किया जा सकता है।
- कॉपीराइट सामग्री अपलोड न करें।
- अनुचित भाषा का प्रयोग न करें।
- केवल शैक्षिक नवाचार और उत्कृष्ट कार्य अपलोड करें।

आप सभी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए अग्रिम धन्यवाद।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, निशातगंज, लखनऊ - 226007

0522-2780385 www.scert-up.in dscertup@gmail.com SCERT UP SCERT UP